संख्या–cm-429
24/11/2019

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 24 नवम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक–संदेश में कहा है कि कैलाश जोशी एक प्रख्यात राजनेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थे। मध्य प्रदेश के विकास में इनका महत्वपूर्ण योगदान था। उनके निधन से न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश की राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******